पैटन ग्रुप ने लॉन्च किया कांटैक्टलेस सेफ वाश स्टेशन

कोलकाता. कोविड-19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए पैटन ग्रुप ने कांटैक्टलेस सेफ वॉश स्टेशन लॉन्च किया है. इस वैश्विक महामारी के बीच पैटॉन ग्रुप में हाथ धोने के लिए कुशल, सुरक्षित, लागत प्रभावी सावधान की आवश्यकता को देखते हुए सुरक्षा पहल के रूप में संपर्क रहित सुरक्षित वाश स्टेशन बनाया है. यह उत्पाद हैंड्स फ्री है और पैर से संचालित होती है. इस संबंध में पैटॉन ग्रुप की अध्यक्ष (बिजनेस डेवलपमेंट) प्रीयम बुधिया ने कहा कि वैश्विक महामारी के दौर में हम कई प्रकार की चुनौतियों से गुजर रहे हैं. इस चुनौती के दौर ने भी नये इनोवेशन करने का अवसर प्रदान किया है. कंपनी द्वारा बनाया गया यह उत्पाद कॉम्पैक्ट, मजबूत और टिकाऊ है. यह उत्पाद आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक चिकित्सा व सार्वजनिक स्थानों के लिए उपयुक्त है. उन्होंने बताया कि कई प्रोटोटाइप का परीक्षण करने के बाद पहले मॉडल की दो विविधताएं लॉन्च की गयीं. इनमें रेगुलर सिंगल बेसिन 200 लीटर टैंक कैपेसिटी और अल्ट्रा सिंगल वैसे 500 लीटर टैंक कैपेसिटी शामिल है. उन्होंने कहा कि 200 लीटर की क्षमता वाली टैंक में 300 और 500 लीटर क्षमता वाले टैंक में 750 हैंडवाश किये जा सकते हैं. उन्होंने बताया कि इसे जिस स्टैंड पर टैंक रखा गया है, वह पाउडर कोटेड मेटल से बना हुआ है, जिससे इसमें जंग नहीं लगता.

PATTON®